<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय पुस्तकालय में मनाया गया पुस्तकालय दिवस

विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डा. स्याली रामामृत रंगनाथ के जन्म दिवस को पुस्तकालय दिवस के रूप में 12 अगस्त 2024 को मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय पुस्तकालय सभागार में संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय पुस्तकालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा सम्मलित होकर डा. रंगनाथ के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित किये गये। डा. पंकज कुमार सिंह, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के द्वारा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। भारत में पुस्तकालय विज्ञान के संदर्भ में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें डा. नीना सिंह एवं डा. डी.पी. सिंह एवं श्री एल.पी. काण्डपाल, पुस्तकालय सहायक द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रभारी अधिकारी, विश्वविद्यालय पुस्तकालय डा. आशुतोष सिंह द्वारा पुस्तकालय दिवस पर सभी को पुस्तकालय दिवस पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की गयीं एवं यह विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय पुस्तकालय टीम का नेतृत्व करते हुये सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय पुस्तकालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए व प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम का संचालन डा. के.पी. सक्सेना, उप–पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस सफल आयोजन के लिए उपस्थित सभी को डा. के.पी. सक्सेना, उप–पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

5ः डा. रंगनाथ के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अधिकारी।

निदेशक संचार